सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

बुधवार 15.05.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 25

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

# नेशनल हाईवे पर यात्रियों से भरी बस ने ट्रक को मारी टक्कर, चालक की मौत

- दर्जनों यात्री घायल
- गंभीर रूप से जख्मी एसएनएमएमसीएच में भर्ती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तोपचांची।** तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत तोपचांची बाजार स्थित नेशनल हाईवे पर मंगलवार अहले सुबह मुजफ्फरपुर से कोलकाता जा रही राज बस (बीआर 06 पीएफ 1423) ने चलती ट्रक को जोरदार टक्कर मारी। इस टक्कर में बिहार के वैशाली जिला निवासी चालक ब्रजेश कुमार की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार बस (राज बस) बिहार के मुजफ्फरपुर से कोलकाता जा रही थी। तोपचांची के समीप बस ने ओवरटेक करने के दौरान चलती ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस पर करीब 15 यात्री सवार थे। सभी को चोट आई है। कुछ यात्री गंभीर रूप से जख्मी हैं। सभी यात्रियों को आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहोबहियार लाया गया। गंभीर रूप से घायलों को धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया है। इधर घटना के बाद चालक दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को लेकर फरार हो गया।

**दो घंटे तक फंसा रहा ड्राइवर, तड़प तड़प कर हुई मौत**

घटना के बाद चालक ब्रजेश कुमार महतो बस में करीब दो घंटे तक फंसा रहा। ग्रामीणों की मदद से करीब 2 घंटे के बाद उसे निकाला जा सका। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

**डिवाइडर में जाकर फंसी बस**

राज बस अनियंत्रित होकर एनएच के किनारे डिवाइडर में फंस गई। एनएच कर्मियों ने बड़ी मशक्कत से डिवाइडर में फंसी बस को निकाला।

**14 दिन पहले राज कम्पनी की बस हुई थी दुर्घटनाग्रस्त**

ज्ञात हो कि विगत 30 अप्रैल को कोलकाता से नवादा जा रही राज बस तोपचांची थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें बस ड्राइवर व एक यात्री की मौत हो गई थी, जबकिं दर्जनों यात्रियों को चोट आई थी।

**जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस**

घटना के बाद तोपचांची पुलिस घटनास्थल पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। दुर्घटनाग्रस्त बस को पुलिस जब्त कर थाना ले आई है।

## ढुल्लू महतो पहुंचे बार एसोसिएशन, किया जन सम्पर्क

### जल्द लागू करवायेंगे एडवोकेट प्रोटक्शन एक्ट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो मंगलवार को बार एसोसिएशन पहुंचे। एसोसिएशन अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय, महासचिव जितेंद्र कुमार, वरीय अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, ललन किशोर प्रसाद, शाहनवाज, गजेंद्र कुमार ने ढुल्लू महतो का स्वागत किया। करीब दो घंटे तक ढुल्लू महतो ने बार एसोसिएशन में घूम कर अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान बार एसोसिएशन के कार्यालय कक्ष में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ढुल्लू महतो ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वह धनबाद में एयरपोर्ट और एम्स के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने इस विषय में केंद्रीय नेतृत्व से भी बात की है जहां से उन्हें आश्वासन मिला है श्री महतो ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह मोदी की गारंटी है जो मै वादा करूंगा उसे जरूर पूरा करूंगा। धनबाद को अपराध मुक्त बनाना उनका उद्देश्य है कोई भी असामाजिक तत्व धनबाद में सर नहीं उठा सकता। बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य जैसे मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए वह पूरा प्रयास करेंगे। लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में आए है और उनका कोई स्वार्थ नहीं है वह अधिवक्ताओं के लिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने का पूरा प्रयास करेंगे। इसके पूर्व झारखंड बर काउंसिल के को-चेयरमैन अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि कुछ लोग श्री महतो को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं जिसमें वह सफल नहीं होंगे। अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय ने कहा कि हमें अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर करना चाहिए।

---

**स्पीड न्यूज**

### रंगदारी मामले में इकबाल व रिंकू बरी

**धनबाद।** रेलवे ठेकेदार ए.के झा से रंगदारी मांगने के मामले मे आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शिवानी शर्मा की अदालत ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता शाहबाज सलाम की दलील सुनने के बाद फहीम खान के पुत्र इकबाल खान व आमीर आलम ऊर्फ रिंकू को बाईज्जत बरी करने का आदेश दिया है। अन्य आरोपी प्रिंस खान, गोपी के विरुद्ध सुनवाई लंबित है। बतातें है कि बैंक मोड़ थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह के स्वलिखित बयान पर इकबाल प्रिंस, गोपी, आमीर के विरुद्ध प्राथमिकी बैंक मोड़ थाना कांड संख्या 233/15 दर्ज की गई थी। पुलिस के हत्थे चढ़े फहीम के गुर्गे आमीर आलम उर्फ रिंकू ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल करते हुए कहा था कि इकबाल के निर्देश पर वह ठेकेदारों एवं बिल्डरों से रंगदारी की मांग करता था।

### सामान्य प्रेक्षक ने किया डिस्पैच सेंटर, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**धनबाद।** सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने लोकसभा चुनाव के लिए कृषि बाजार समिति में विधानसभावार बनाए गए डिस्पैच सेंटर व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा और मतगणना हॉल का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन के साथ अपर समाहता विनोद कुमार, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार मौजूद थे।

### दो मामलों में जयराम की जमानत पर कांड दैनिकी तलब

**धनबाद।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड रहे जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के अग्रिम जमानत की अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई हुई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की अदालत ने दोनो मामलों मे पुलिस से कांड दैनिकी तलब की है। प्राथमिकी भौंरा ओपी के एसआई जीतेन्द्र कुमार के शिकायत पर जयराम महतो, खेमलाल महतो, विशाल महतो, एवं अज्ञात के विरुद्ध दर्ज की गई थी जबकि दूसरी प्राथमिकी विनोद कुमार पांडे के शिकायत परकरण महतो, खेमलाल महतो, विशाल महतो, दिनेश महतो, रंजीत महतो, सुशील महतो, गया राम महतो, सचिन महतो, अशोक महतो, भीम महतो, अंगद महतो, मखन लाल महतो, अर्जुन महतो, युद्धिष्ठिर महतो, समेत अन्य के विरुद्ध दर्ज की गई थी।

# अनुपमा सिंह ने बड़ा गुरुद्वारा में मत्था टेक लिया आशीर्वाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बैंक मोड़ बड़ा गुरुद्वारा में मत्था टेक वाहेगुरु का आशीर्वाद लिया। गुरुद्वारा में आयोजित लंगर में भी सम्मिलित हुईं तथा प्रसाद ग्रहण किया। लंगर में श्रद्धालुओं को भोजन वितरित किया। इसके बाद खुद भी लंगर चखा। साथ ही थालियां धोकर सेवा कार्य में सहभागी बनी। उन्होंने कहा कि लंगर में आकर सेवा करने का सौभाग्य मिला। सेवा कार्य कर काफी अच्छा लगा। धनबाद के खालसा होटल के मामले में अनुपमा सिंह ने कहा कि शेरा सिंह का होटल बेचकर धनबाद से जाना निंदनीय है। कहा कि कोयलांचल में भय का वातावरण खत्म हो यह प्रयास करूंगी। समर्थक लकी सिंह ने कहा कि अनुपमा ने गुरुद्वारा आकर गुरु के आगे अरदास लगाई है। जीत का आशीर्वाद मांगा है। समर्थक सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि धनबाद में सालों से भय का आतंक व्याप्त है। खालसा होटल के मालिक शेरा सिंह को भय के कारण यहां से जाना पड़ा। अनुपमा के आने के बाद निश्चित ही धनबाद में परिवर्तन दिखेगा और जनता को भयमुक्त वातावरण मिलेगा।

# सुशील मोदी के निधन पर कोयलांचल में शोक की लहर

- सामाजिक जीवन को अपूरणीय क्षति : पीएन सिंह
- पार्टी के आरती समर्पित रहे : राज सिन्हा
- सादा जीवन उच्च विचार के प्रतीक थे : चंद्रशेखर अग्रवाल
- विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा : ढुल्लू महतो
- राजनीतिक जीवन को गहरी क्षति : विजय झा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के निधन पर सम्पूर्ण कोयलांचल में शोक की लहर है। न केवल भाजपाई बल्कि अन्य वर्गों के लोगों ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता सुशील मोदी के निधन की सूचना अत्यंत दुःखद है। उनका संपूर्ण जीवन बिहार के विकास तथा पिछड़ों व वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित रहा, उनका निधन भाजपा संगठन व राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। विधायक राज सिन्हा ने कहा की बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के निधन स सामाजिक और राजनीतिक जीवन को अपूरणीय क्षति पहुंची है। बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि सुशील जी से उनके आत्मीय संबंध थे। धनबाद के पूर्व महापौर चंरशेखर अग्रवाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि सुशील मोदी आदर्श जीवन उच्च विचार के प्रतीक थे। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि सुशील मोदी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। बिहार के विकास में उनका योगदान अनुकरणीय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जाएगा। भाजपा लोकसभा के संयोजक व पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि सुशील जी ने संगठन व सरकार में अपना अमूल्य योगदान दिया है। उनका जाना ना सिर्फ बिहार की राजनीति व भारतीय राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है। जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि सुशील मोदी जी एक कुशल संगठन कर्ता थे। पूर्व जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश लाटा, व चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि सुशील जी विद्यार्थी परिषद से लेकर भारतीय जनता पार्टी मे संगठन के मजबूती के लिए बड़े परिश्रम से कार्य करते रहे। बिहार के उपमुख्यमंत्री के रूप में तथा राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका कार्य अति सराहनीय रहा। शोक प्रकट करने वालों में प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल, रमेश राही, प्रियंका पाल, नितिन भट्ट, संजय झा, मिल्टन पार्थ सारथी, चंद्रशेखर मुन्ना शामिल थे।

## सेल जीतपुर कोलियरी के एकाडमी स्कूल में सभी 35 छात्र उत्तीर्ण



- स्कूल में 17 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्राचार्य ने दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** सेल जीतपुर कोलियरी सम्बंधित एकाडमी स्कूल में 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा देने लेने वाले 35 में से सभी पास हो गए हैं। सबसे बेहतर अंक लाने वाले छात्र रिग वर्मा 93.8% प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर पंकज महतो 82.2 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर अनुकल्प कुमार ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। स्कूल के प्रिंसिपल कृष्णा तिवारी ने कहा है कि स्कूल में 17 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सभी को अपना भविष्य बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए, ताकि स्कूल के साथ अभिभावकों का नाम भी रोशन हो। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों का सीमित संसाधन में बेहतर प्रदर्शन रहा है। सम्मनित करने वाले शिक्षकों में जितेन्द्र वर्णवाल, अशोक झा, परमानंद सिंह, माला मुखर्जी, सपना चक्रवर्ती आदि शामिल हैं।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो के मतदाता जागरूकता रथ को नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये जागरूकता अभियान का शुभारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो के धनबाद स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा आम चुनाव में भाग लेने के लिये पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान का आज शुभारंभ किया गया।

जागरूकता रथ को नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर अपने कार्यालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकारनाथ पाण्डेय, सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी और राजकिशोर पासवान के अलावा अन्य लोग और आम जन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने कहा कि मतदान सभी का मूल अधिकार है। लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें और अपनी भूमिका निभाते हुए देश के लोकतंत्र को और मजबूती प्रदान करें।

वहीं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी पांडेय ने कहा कि चुनाव का यह पर्व हमें धूम धाम से मानना चाहिए। इसमें बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए जागरूकता रथ द्वारा जगजीवन नगर, पुलिस लाइन, मनईटांड, हीरापुर, बरमसिया, बैंक मोड़, श्रमिक चौक, बेकार बांध, सरायढेला, स्टील गेट आदि जगहों पर अभियान चलाया गया।

### डीसी ने बाजार समिति एवं पॉलिटेक्निक केंद्रों का किया निरीक्षण

## डिस्पैच सेंटर सह बज्रगृह का किया मुआयना



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बाजार समिति एवं धनबाद पॉलिटेक्निक स्थित डिस्पैच सेंटर सह बज्रगृह में चल करने कार्यों का निरीक्षण किया। मिश्र ने टुंडी, बाघमारा, सिंदरी व धनबाद एवं झरिया विधानसभा के बूथवार रखे जा रहे ईवीएम-विविपैट कार्य का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने ईवीएम, बज्रगृह, सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेटिंग, अग्निशमन यंत्र आदि की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने डिस्पैच हेतु चल रही तैयारियों एवं कमिश्निंग हेतु चल रही तैयारियों समेत मूलभूत सुविधाओं हेतु भी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त मिश्र के अलावा अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, समेत अन्य मौजूद रहें।

### अभियंता ने धनबाद रेल मंडल में पकड़ी गड़बड़ी

## अमृत योजना के तहत सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश

**तय समय सीमा में काम पूरा करने का निर्देश दिया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के वरीय मुख्य अभियंता अखिलेश कुमार ने मंगलवार को गोमो व पारसनाथ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों स्टेशनों पर अमृत योजना के तहत सौंदर्यीकरण व अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया। गोमो स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में चल रहे कार्य का नक्शे से मिलान किया, जिसमें कई सारी छोटी गड़बड़ी पकड़ी। रेल मंडल के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को भविष्य को ध्यान में रखते हुए में रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने की बात कही। कहा कि आने वाले दिनों में रेलवे स्टेशनों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इस दिशा में काम किया जा रहा है।

उन्होंने गोमो स्टेशन पर बन रहे नये फुट ओवरब्रिज, रिजर्वेशन टिकट काउंटर, विश्रामगृह आदि का निरीक्षण किया। तय समय सीमा में काम पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर धनबाद रेल मंडल के सीनियर डीईएन 2 आशीष कुमार, डीईएन (को-ऑर्डिनेशन) प्रदीप कुमार, सीनियर डीईएन (गति शक्ति) राजीव रंजन, सहायक मंडल अभियंता शुभम पटेल, आईओडब्ल्यू मनीष कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# डिस्पैच सेंटर से स्ट्रांग रूम तक पोलिंग पार्टी रहेगी साथ-साथ : डीसी

### बिना ब्रेक जर्नी, रूट चार्ट के अनुसार, डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र, मतदान केंद्र से स्ट्रांग रूम पहुंचने का निर्देश

**विशेष संवाददाता**



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मतदानकर्मियों को 24 मई को सुबह डिस्पैच सेंटर से मतदान केन्द्रों तक बिना ब्रेक जर्नी के पहुंचने का निदेश दिया है। इसी प्रकार मतदान समाप्त हो जाने के बाद 25 मई को प्रोटोकॉल का पालन करते हुए स्ट्रांग रूम तक पहुंचेगी। मिश्रा ने मंगलवार श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय तथा पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में मतदान कर्मियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने कहा कि सभी पोलिंग पार्टी 24 मई को सुबह 6:00 बजे अपने संबंधित डिस्पैच सेंटर में पहुंच जाएंगी। डिस्पैच सेंटर से ईवीएम तथा चुनावी सामग्री लेकर तय वाहन में, रूट चार्ट के अनुसार, रास्ते में बिना ब्रेक जर्नी किए, सीधे अपने मतदान केंद्र पहुंचेंगे। वहीं 25 मई को मतदान समाप्त होने के बाद पोलिंग पार्टी एक साथ इसी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए स्ट्रांग रूम पहुंचेंगे। मतदान के दिन मॉक पोल से पहले उम्मीदवार के एजेंट के हस्ताक्षर का सत्यापन करने, सुबह 5:30 बजे मॉक पोल शुरू कराने, मॉक पोल होने के बाद की प्रक्रिया, सुबह 7:00 बजे मतदान शुरू करने, मतदान केंद्रों पर कतार प्रबंधन, अनुशासन, मतदान की गोपनीयता बरकरार रखते हुए वोटिंग कंपार्टमेंट स्थापित करने, स्टेट्यूटरी पैकेट, नन स्टेट्यूटरी पैकेट सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जोनल मजिस्ट्रेट का फोन नंबर रखने, प्रशिक्षण में बताई गई हर बात का ध्यान पूर्वक पालन करने, ईवीएम पर हैंड्स ऑन करने, 2 बैलेट यूनिट कनेक्ट करने, प्रीसाइडिंग ऑफिसर डायरी में प्रविष्टि करने सहित मतदान केंद्र में प्रवेश के लिए प्राधिकृत पदाधिकारियों की जानकारी दी उपायुक्त मिश्र ने प्रशिक्षण केंद्रों में पोस्टल बैलट से जारी मतदान प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में उपायुक्त साथ एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# दुल्लू महतो ने शहर के कई क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

- अधिवक्ताओं से की मुलाकात, प्यार और स्नेह का हवाला देकर मांगा वोट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने जन संपर्क अभियान तेज कर दिया है। वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ सभी जगहों पर पहुंच रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं से मुलाकात की। सभी से कहा कि आपलोगों से भाजपा को हमेशा से प्यार और स्नेह मिला है। पूरी उम्मीद है कि इसबार भी वह विश्वास कायम रहेगा। देश को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। महतो ने मटकुरिया, धनसार की नई दिल्ली बस्ती, बैंक मोड़, पुराना बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में जन जनसंपर्क अभियान चलाया। जगह जगह लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। श्री महतो ने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, देश का गौरव बढ़ा है। एक बार फिर देश के सर्वांगीण विकास एवं अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मोदी सरकार को चुनें।

भाजपा नेता अमरेश सिंह ने भूली में पार्टी के मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए मंत्रणा की गई। घर-घर जाकर मतदाताओं को केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में समझाने तथा भाजपा को वोट देने की अपील करने को कहा गया।

## असम के मुख्यमंत्री आज पहुंचेंगे चिरकुंडा, जनसभा को करेंगे संबोधित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद के लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वा शर्मा बुधवार को चिरकुंडा श्रम कल्याण केन्द्र में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। तैयारी में सभी भाजपा कार्यकर्ता जोर शोर से जुट गये हैं। भाजपा एगयारकुंड प्रखंड अध्यक्ष रंजीत मोदी ने कहा कि जनता के दिल में ढुल्लू महतो और मोदी सरकार है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। इसलिए इस बार भी मोदी सरकार को लाना है। कहा किभारतीय जनता पार्टी इस बार धनबाद में लगभग 7 लाख वोट से जीतगी। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वाशर्मा बुधवार को हेलीकॉप्टर से कालीमंडा स्थित केएफएस ग्राउंड में 11 बजे उतरेंगे और कालीमंडा से रोड शो करते हुए चिरकुंडा श्रम कल्याण केंद्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। मौके पर एगयारकुंड प्रखंड उपाध्यक्ष भोला सिंह, मनोज यादव, मनु अधिकारी, धीरज सिंह, अजय चौधरी, संजय महतो, सुरेंद्र यादव, नागेंद्र साव, पंकज कुमार, राजेश कुमार, सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### ओबीसी मोर्चा ने भूली में कांग्रेस के लिए चलाया जन संपर्क अभियान

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत के लिए ओबीसी नगर अध्यक्ष अरुण कुमार मंडल के नेतृत्व में भूली के आम बगान क्षेत्र में जन संपर्क अभियान चलाया गया। लोगों से अनुपमा सिंह को वोट देने की अपील के साथ कांग्रेस के पांच न्याय पच्चीस गारंटी को लेकर जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से लोग जुड़ रहे हैं। कांग्रेस के पक्ष में मतदान होगा और धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की बड़ी जीत होगी। जन संपर्क अभियान के दौरान प्रभारी सुनील सिंह, मिंटू खान, दशरथ ठाकुर, गंगा ठाकुर, गंगा शर्मा आदि शामिल थे।

### व्यय प्रेक्षक ने की प्रत्याशियों के निर्वाचन लेखा पंजी की प्रथम जाँच



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की प्रथम जाँच आज धनबाद परिसदन स्थित सभागार में की गई। इस दौरान व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार, निखिल गोयल, व्यय अनुश्रवण कोषांग के वरीय पदाधिकारी गालिब अंसारी, व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी ध्रुव नारायण राय, धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभाओं के सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा जांच दल के सभी सदस्य भी मौजूद रहें। इस दौरान अभ्यर्थियों की ओर से निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का लेखा संधारण निवार्ची पदाधिकारी की ओर से उपलब्ध कराए गए निर्वाचन व्यय पंजी की जांच व्यय प्रेक्षक द्वारा की गई। उन्होंने दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक जांच कर छायाप्रेक्षण पंजी से मिलान किया।

### कतरास में जुलुस निकाल कर मथुरा महतो को जिताने की अपील



**कतरास।** कतरास गुहीबांध बस पड़ाव से मंगलवार को इंडिया गठबंधन के गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में समर्थकों द्वारा एक जुलूस निकाला गया। जुलूस गुहीबांध बस पड़ाव, पचगढ़ी सब्जी पट्टी, थाना चौक होते हुए नदी किनारे सूर्य मंदिर पहुंचा। जुलूस में पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, हलधर महतो, अशोक प्रकाश लाल, राजेंद्र प्रसाद राजा, रणधीर ठाकुर, माधव सिंह, अजय सिंह, रणवीर सिंह, अनमोल सिंह, जियाउल हक, परवेज इकबाल, राजाराम, रॉबिन पाल, रंजीत पांडेय, मुन्ना सिद्दीकी, शौकत खान, मुकेश गुप्ता, रितिक सिंह, चितरंजन कुमार, करमचंद बाउरी, राजेश राम, हैदर अली, विनय पासवान, अशोक महतो, मंटू सिंह, घंटू त्रिगुनाईत, दक्षिणेश्वर कुंभकार, मो शाहिद, कमला कुमारी, बिंदुल लाहकर, समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

### रणधीर वर्मा चौक के समीप पुलिस कर्मी के घर हुई चोरी



**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र के रणधीर वर्मा चौक के समीप सोमवार की रात पुलिसकर्मी के घर में चोरों हो गई। झारखंड पुलिस की जवान आयशा खातून के घर में चोरों ने हाथ साफ किया। चोरी की सूचना आसपास के लोगों ने उनकी बेटी को फोन पर दी। इसके बाद पुलिसकर्मी की बेटी गुड़िया खान घर पहुंची। देखा की घर का ताला टूटा पड़ा था और सामान गायब है। उन्होंने सदर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस दल बल के साथ पहुंची। गुड़िया खातून का कहना है कि इस क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी की घटना हो रही है। 100 मीटर की दूरी पर धनबाद थाना है। रात में पुलिस पेट्रोलिंग नहीं होने से चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ। कुछ दिन पूर्व भी बगल में हनुमान जी के मंदिर से चोरों ने चोरी की थी। चोरों ने लगभग 70 हजार से अधिक के सामान पर हाथ साफ किया है। फिलहाल सदर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### रंजय हत्याकांड में अनुसंधानक का प्रतिपरीक्षण

**धनबाद।** संजीव सिंह के करीबी रंजय सिंह की सरेआम गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में आज मामले के अनुसंधानक सरायढेला के पूर्व थाना प्रभारी अरविंद कुमार का प्रतिपरिक्षण जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत मे हुआ हालांकि आज भी उनके प्रति परीक्षण का कार्य पूरा नहीं किया जा सका। अदालत ने प्रतिपरीक्षण के लिए बुधवार की तारीख निर्धारित की है। कोर्ट को दिए बयान में अनुसंधानकर्ता अरविंद कुमार ने कहा कि राजा यादव की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इन्होंने मामले का अनुसधान शुरू किया था इसमें पांच गवाहों का परीक्षण किया तथा मौके वारदात से गोली का खोखा बरामद किया था। अनुसंधानक ने कहा कि गवाहों ने घटना का समर्थन किया। प्रति परीक्षण वरीय अधिवक्ता समर श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव एवं सिद्धार्थ शर्मा ने किया। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित कर दी है।

### कतरास डीएवी + 2 उच्च विद्यालय पहुंचे ऑब्जर्वर, किया बूथों का निरीक्षण



**कतरास।** बाघमारा प्रखंड के एक दर्जन से अधिक बूथों का निरीक्षण करने के क्रम में रांची से आए ऑब्जर्वर अरुण महेश बाबू कतरास डीएबी +2 विद्यालय पहुंचे। विद्यालय परिसर के अंदर लगे सभी सीसीटीवी कैमरा को बंद रखने का निर्देश दिया। बूथों पर तीन लाइन लगाने की बात कही। एक लाइन पर बुजुर्ग, विकलांग तथा गर्भवती महिला और दूसरी लाइन में पुरुष तथा तीसरी में महिलाओं की अलग-अलग लाइन लगाने की बात कही। कतरास डीएवी + 2 उच्च उच्च विद्यालय में बूथ संख्या 265, 266, 267, 268, 245, 246 का बारी-बारी से निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर में साफ सफाई अन्य चीजों को भी देखा। शांतिपूर्ण मतदान के लिए ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, बाघमारा प्रखंड के अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद सहित अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

### महेंद्र प्लस टू उच्च विद्यालय में कमरे का ताला तोड़ सामान उठा ले गए चोर

**गोविंदपुर।** महेंद्र प्लस टू उच्च विद्यालय बरवापूर्व के आईसीटी लैब एवं साइंस लैब में सोमवार की रात चोरी हो गई। चोर इन दोनों कमरों का ताला तोड़कर एक सीपीयू, एक की-बोर्ड, एक माउस तथा एक मॉनिटर लेकर चले गए। साथ ही चोरों ने अन्य उपकरणों के साथ छेड़छाड़ भी की है, जिससे अन्य सामानों की भी क्षति पहुंचने की आशंका व्यक्त की गई है। लिखित सूचना मंगलवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक बीरेन्दर सोरेन ने गोविंदपुर के थाना प्रभारी को दी है।

## स्पीड न्यूज

### गंगा गोशाला में महिला समिति ने गायों को खिलाया तरबूज, गुड़ और चारा



**कतरास।** मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा के तत्वावधान में मंगलवार को श्री श्री गंगा गोशाला कतरास करकेन्द में गायों कोा 200 किलो तरबूज, 20 किलो गुड़ एवं हरा चारा खिलाया गया। इसके पूर्व महिला समिति द्वारा पचगढ़ी बाजार में आम राहगीरों के बीच चना गुड व शरबत का वितरण किया गया। मौके पर समिति अध्यक्ष रितु अग्रवाल ने बताया कि महिला समिति द्वारा लगातार सामाजिक कार्य किये जाते हैंय मौके पर समिति के अध्यक्ष रितु अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, मीना अग्रवाल, कविता अग्रवाल, राखी चौधरी, श्वेता खंडेलवाल, पूनम अग्रवाल आदि मौजूद थी।

### वाहन जांच के दौरान बाघमारा में स्कूटी से 2 लाख रुपये बरामद

**कतरास।** बाघमारा थाना अंतर्गत डुमरा मोड़ में वाहन जांच के दौरान स्कूटी संख्या जे एच 10 एक्स 3508 से पुलिस व एफ एस टी के निगरानी दल ने करीब दो लाख नगद बरामद किये। स्कूटी पर सवार किशन कुमार नामक व्यक्ति जा रहा था। फिलहाल राशि के संदर्भ में जांच की जा रही है। वहीं पुटकी थाना क्षेत्र के मुनिडीह में वाहन जांच के दौरान एक वाहन से 1 लाख 99 हजार रुपये बरामद होने की खबर है।

### रामकनाली के ओबीआर पहाड़ी में मिला नर कंकाल

**कतरास।** रामकनाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल के ओबीआर पहाड़ी के ऊपर एक मानव का कंकाल मिलने की खबर से सनसनी फैल गई। बताते हैं कंकाल मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने रामकनाली ओपी पुलिस को सूचना दी। बताते हैं स्थानीय लोगों ने उक्त कंकाल का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उक्त कंकाल किसका है, यह पता नहीं चल पाया है।

### वाहन चेकिंग में पुलिस न `बरामद किये नगद रुपये

**कतरास।** चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार वाहनों की चेकिंग कर रहा है। इसी क्रम में बरोरा थाना क्षेत्र के हरिना चौक पर मंगलवार की सुबह थाना प्रभारी विकास कुमार एवं उनके सहयोगियों ने एक वाहन से 92000 रुपये बरामद किये। लोयाबाद थाना क्षेत्र के सेन्द्रा पोस्ट के समीप चार पहिया वाहन चेकिंग के दौरान सोमवार की शाम लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार एवं उनकी सहयोगी टीम ने एक वाहन से 1,97,500 रुपये बरामद किये।

### प्रेक्षक ने किया धनबाद पॉलिटेक्निक का निरीक्षण

**धनबाद।** सामान्य प्रेक्षक श्री के. थवसीलन ने आज संध्या धनबाद पॉलिटेक्निक का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम कमिश्निंग, सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र, सुरक्षा इत्यादि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## एसएनएमएमसीएच व सदर अस्पताल में बढे टाईफाइड के मरीज

# दूषित पानी व बासी खाना खाने से बढ़ती है बीमारी : डॉ मासूम

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** कोयलांचल के बदलते मौसम का आम जनजीवन पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। तेज धूप, गर्मी, उमस, बारिश और तापमान में उतार-चढ़ाव से जिले में टाइफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में हर दिन 20 से 25 मरीज मेडिसिन आ रहे हैं। सदर अस्पताल में 5 से 10 मरीज टाइफाइड के लक्षण वाले पहुंच रहे हैं।

सदर अस्पताल के डॉ मासूम आलम ने बताया कि यह बीमारी दूषित पानी और बासी खाना खाने से होती है। इससे आंत संक्रमित हो जाता है। इसे टाइफाइड के साथ आंत का बुखार भी कहा जाता है। टाइफाइड साल्मोनेला टाइफी बैक्टीरिया के संक्रमण से होता है। इस बीमारी के मरीजों की संख्या हाल के दिनों में बढ़ी है। उन्होंने बताया कि कोलियरी क्षेत्र जैसे झरिया, कतरास, केंदुआ, करकेंद आदि क्षेत्रों से इस बीमारी के शिकार लोग ज्यादा आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि ठंड के साथ बुखार आना, पेट दर्द, उल्टी, सिरदर्द, थकान और बदन दर्द टाइफाइड के मुख्य लक्षण हैं। यह बुखार 7 से 14 दिनों तक रहता है। कई मरीजों में 28 दिनों तक इसके लक्षण देखने को मिलते हैं। ऐसे मरीजों की सतत निगरानी की जरूरत है। स्लम एरिया तथा जहां दूषित जल की स्पलाई होती है, वहां इस बीमारी का खतरा जाता रहता है। इससे हर किसी को बचने की जरूरत है। इसके अलावा बासी खाना, पहले से कटे हुए फल, लंबे समय पर फ्रीज में रखी मिठाइयों के सेवन से परहेज करना चाहिए। बीमारी का लक्षण दिखने पर मेडिकल से दवा खाने परहेज कर डॉक्टर के पास जाना चाहिए। समय पर इलाज से मरीज जल्दी ठीक भी हो जाता है।

## वर्क कमेटी में ओबीसी कोल एम्पलाइज को मिले हिस्सेदारी : गुलाब सिंह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** कोल इंडिया के बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाब सिंह और महासचिव जय बहादुर सिंह यादव मंगलवार को धनबाद पहुंचे। दोनों प्रतिनिधियों ने कोयला भवन में डीपी मुरली कृष्ण रमैया तथा सीएमपीडीआईएल के अधिकारियों से मुलाकात की। एसोसिएशन के महासचिव ने कहा कि केंद्र सरकार के आदेश पर कोल इंडिया एवं सभी अनुषंगी ईकाइयों में वर्क कमेटी गठित करना सुनिश्चित किया गया है। लेकिन यह चुनाव की प्रक्रिया के तहत पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओबीसी एसोसिएशन किसी भी श्रमिक संगठन का न ही सहयोग करेगा और न ही विरोध करेगा । एसोसिएशन स्वतंत्र रूप से वर्क कमेटी के चुनाव में भाग लेगा। यदि अनुषंगी कंपनियों में चुनाव न कराकर श्रमिक संगठन एवं एसोसिएशन के सहयोग से वर्क कमेटी बनाई जाती है तो सभी अनुषंगी कंपनियों में ओबीसी एसोसिएशन को भी वर्क कमेटी में शामिल किया जाना चाहिए। बीसीसीएल के अधिकारियों ने इसपर सकारात्मक पहल करने की बात कही। मौके पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष देबू महतो, महासचिव नीतू सिंह यादव, बीसीसीएल ईसीएल, सीसी एल मीडिया प्रभारी राम नारायण, बीसीसीएल कमेटी अध्यक्ष राम दुलार सिंह, महासचिव भोला यादव, सीएमपीडीआईएल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ट्रक लोडिंग में रंगदारी के खिलाफ आंदोलन

# डीओ धारकों ने ईसीएल मुगमा क्षेत्र की कोलियरियों में लोडिंग किया बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** कोल ट्रेडर्स एसोसिएशन के बैनर तले डीओ धारकों ने ट्रक लोडिंग में रंगदारी के खिलाफ मंगलवार को बिगुल फूंक दिया है। डीओ धारकों ने ईसीएल के चापापुर सहित मुगमा एरिया के सभी कोलियरियों में ट्रक लोडिंग बंद कर दिया है। डीओ धारकों ने देर शाम एग्यारकुंड मोड़ में बैठक की। रंगदारी वसूलने वाले दोनों कर्मियों का मुगमा एरिया से तबादला, रंगदारी पर रोक, निरसा राजा कोलियरी का कोल डीपो सेंट्रलपुल साइडिंग में बनाने सहित अन्य मांगों पर चर्चा की गयी। एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने कहा कि इसीएल के कोलियरियों में खुलेआम डिस्पेच कर्मी के इशारे पर रंगदारी मांगी जा रही है। जब इस पर हस्तक्षेप करने की मांग सेल्स विभाग के अधिकारी से की जाती है तो डीओ ओफर बंद कर देने की धमकी दी जाती है। इससे साफ जाहिर होता है कि अधिकारियों के इशारे पर रंगदारी हो रही है। कहा कि मांगों को लेकर कोल मंत्रालय, सीएमडी सहित सीबीआई को पत्र लिखा गया है। जबतक हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती है आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनीलाल मंडल, उपाध्यक्ष पिंटू सिंह, सचिव रंगबहादुर सिंह, सुनाल घोष, यदुबीर गुप्ता, जगन्नाथ माजी, सचिन साव, संतोष मिश्रा, राकेश सिंह, रजत जानी सहित अन्य मौजूद थे। इस संबंध में मुगमा एरिया के सेल्स मैनेजर नीरज वर्णवाल से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। देर शाम जीएम आफिस में जीएम आनंद के साथ डीओ धारकों की वार्ता हुई जो विफल रही। जीएम ने रंगदारी का मामला अपने स्तर पर सलटने को कहा। अन्य मांगों पर विचार करने की बात कही। डीओ धारकों इसपर राजी नहीं हुए और वार्ता विफल हो गयी।

## लोकप्रिय फिल्म का किरदार बनकर कर रहे हैं मतदाताओं को जागरूक

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से समर्पित कला मंच के कलाकार गणेश तुरी एक लोकप्रिय फिल्म के मुख्य किरदार की वेशभूषा में मतदाताओं को जागरुक कर रहे हैं। तुरी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा से मुलाकात की। अपनी कला का प्रदर्शन किया। उनके समर्पण के लिए उपायुक्त ने उनकी हौसला अफजाई की। साथ ही मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, संस्था के सचिव मो. हारून रशीद, मो. तारिक जुगनू एवं शहीद अफरीदी मौजूद थे।

## अनूप सिंह ने अनुपमा सिंह को वोट देने की अपील की



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति व बेरमो विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने मंगलवार को धनबाद के कोयला नगर स्थित टीवी टावर कॉलोनी में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के तहत सभा भी हुई। सभा को विकास कुमार सिंह ने संबोधित किया। अनूप सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनी तथा जल्द से जल्द निदान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि उनके प्रत्याशी अगर जीतते हैं तो क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने टीवी टावर कॉलोनी के लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट करने की अपील की। मौके पर लाल राय, शुभम यादव, साहस कुमार, कुणाल मंडल आदि मौजूद थे।

# रोटी बैंक यूथ क्लब ने भूली में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

- झारखंड चुनाव आयोग की ब्रांड एंबेसेडर श्वेता किन्नर भी हुई शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान के लिए हर जतन कर रहा है। लोगों को मतदान का महत्व समझाना और उन्हें बूथों तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में रोटी बैंक यूथ क्लब के बैनर तले मंगलवार की शाम को श्रमिक नगरी भूली में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें झारखंड चुनाव आयोग की ब्रांड एंबेसेडर श्वेता किन्नर भी शामिल थी। मतदान नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार है। यह देश के विकास में लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करता है। उन्होंने एक वोट के महत्व को भी समझाया। भूली के सी ब्लाक स्थित अटल स्मृति पार्क से रैली शुरू हुई, जो सी ब्लाक हॉस्पिटल, बी ब्लाक, अम्बेडकर चौक होते हुए शक्ति मार्किट पहुंची। वहां राहगीरों सहित दुकानदारों ने मतदाता शपथ ग्रहण किया। श्वेता किन्नर ने कहा कि मतदान जरूरी है। मतदान के दिन सबसे पहले अपना वोट डालें और फिर अपना काम करें। यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई, जिसमें कई क्षेत्रीय संगठनों के लोग भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि असमर्थ व्यक्ति जो मतदान केंद्र नहीं जा सकता है, उसे रोटी बैंक यूथ क्लब सुविधा मुहैया कराएगा। रैली में रोटी बैंक युथ क्लब से अध्यक्ष रवि शेखर, पवन पासवान, राजा ऋषभ राज, आशीष चौहान किरण चौहान,स्माइल फाउंडेशन की अध्यक्ष रूबी सांकृत्यायन, निदेशक राजेंद्र राज, गंगोत्री सिंह सुमन कुमारी, भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संस्थापक रवि सिंह, मनोज विश्वकर्मा, कुकू सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद अशोक यादव आदि शामिल थे।


## स्पीड न्यूज

### भाजपा प्रत्याशी ने किया कुंदा का दौरा



**कुंदा (चतरा)।** मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कुंदा प्रखंड मुख्यालय समेत दर्जनों गांवों का दौरा किया और जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने मतदाताओं से समर्थन मांगा और कहा कि वह उनके बीच रहकर चहुमुखी विकास करेंगे। इस दौरान पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, तिलेश्वर साहू, विनय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी, संजय सिंह, गंदोरी साव, समाजशावीय प्रमोद कुमार गुप्ता, लवकुश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, सीमा कुमारी, प्रभात पंचायत समिति सदस्य दिव्या भोक्ता, मनोज यादव, जितेंद्र यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उनके साथ थे। कार्यकताओं ने कालीचरण सिंह का जोरदार स्वागत किया और भारतीय जनता पार्टी की जीत का दावा किया। कालीचरण सिंह ने कहा कि वह चतरा के बेटे हैं और क्षेत्र की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के बुनियादी समस्याओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क के साथ अन्य स्थानीय समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि वह चतरा को ट्रेन लाइन से जोड़ने के लिए भी काम करेंगे।

### चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**टंडवा(चतरा)।** बहुजन समाज पार्टी के टंडवा में लोकसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सिमरिया विधानसभा अध्यक्ष रामावतार राम द्वारा किया गया। बसपा कार्यकर्ता प्रत्याशी नागमणि की जीत के लिए डोर टू डोर जनसंपर्क कर रहे हैं। रामावतार राम ने कहा कि बसपा की जीत से चतरा लोकसभा का दृश्य बदल जाएगा और दलित, शोषित एवं पीड़ितों के लिए मसीहा साबित होंगे। क्षेत्र में विकास होगा और टंडवा में स्थापित कंपनियों से प्रभावित लोगों की समस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता होगी। जिला प्रभारी नागेश्वर राम, जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र राम, जागेश्वर राम, विनोद राम, हुलास प्रजापति, अर्जुन राम समेत अन्य उपस्थित थे।

### पीपराडीह गांव में नौ दिवसीय शत चंडी महायज्ञ का आयोजन



**सिमरिया।** मंगलवार को जिला परिषद के उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी पीपराडीह गांव में आयोजित नौ दिवसीय शत चंडी महायज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की और मत्था टेका। यज्ञ समिति के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया और उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि यज्ञ का आयोजन जहां वातावरण को शुद्ध करता है वहीं आध्यात्मिक चेतना का विकास करता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ में शामिल होकर उन्हें परम शांति का अनुभव हो रहा है। संध्याकालीन भजन कीर्तन और प्रवचन के कार्यक्रम में भारी भीड़ जुट रही है। यज्ञ मंडप में परिक्रमा करने वालों का तांता लगा हुआ है। यज्ञ को लेकर संपूर्ण गांव का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। यज्ञ मंडप से निरंतर उठने वाले मंत्रोच्चार से संपूर्ण गांव गूंज रहा है। यज्ञ के संचालन में यज्ञ समिति के साथ संपूर्ण गांव जुटा हुआ है।

### संचालन समिति की बैठक संपन्न



**चतरा।** चतरा लोकसभा संचालन समिति की बैठक में चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को अधिक से अधिक मतों से जिताने की रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रमंडल प्रभारी आदित्य साहू, पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, लोकसभा संयोजक राजधानी यादव, सह संयोजक अशोक शर्मा, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, पूर्व विधायक विधानसभा संयोजक जनार्दन पासवान, प्रकाश राम, हरे कृष्ण सिंह, पूर्व सांसद घुरण राम, लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, चतरा महामंत्री सिमरिया विधानसभा सह संयोजक डॉ मृत्युंजय सिंह सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे। बैठक में भाजपा वक्ताओं ने कहा कि चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को रिकॉर्ड मतों से जिताना है, इसके लिए जनता भी मन बना चुकी है और चारों ओर सिर्फ भाजपा और मोदी का ही नारा गूंज रहा है।

### तेजस्वी यादव के कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने मंत्री पहुचे हंटरगंज



**चतरा।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव बुधवार को हंटरगंज हाई स्कूल के मैदान में महागठबंधन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी भी मौजूद रहेंगे और तेजस्वी यादव उनका समर्थन करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, सीपीएम, झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित अन्य घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने और तेजस्वी यादव के भाषण को सुनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**कोडरमा।** सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली सदर अस्पताल से कोडरमा बाजार होते हुए महावीर मंदिर तक निकाली गई। सिविल सर्जन ने कहा कि आगामी 20 मई 2024 को अपने घरों से निकलें एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं और मतदान अवश्य करें। आप स्वयं और अपने आस पास, पड़ोस और परिवार जनों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मौके पर डीएस डॉ रंजीत कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार व समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

## चतरा पुलिस ने 13 कांडों के आरोपी लालू साव को किया गिरफ्तार

# 15 लाख की अफीम, एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** चतरा पुलिस ने 13 कांडों के आरोपी लालू साव को 2 किलो 700 ग्राम अफीम, एक देशी पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चतरा को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी लालू साव अपनी बहन के घर कठौतिया आया है। इस सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा संदीप सुमन के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम-कठौतिया में अपराधी लालू साव की बहन के घर पर दबिश दी। पुलिस की गाड़ी देखकर लालू साव भागने लगा, लेकिन सशस्त्र बल के जवानों और पुलिस अधिकारियों ने उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कमर से एक देशी पिस्तौल और मैगजीन में लोड 05 चक्र जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार लालू साव की निशानदेही पर बहन के घर के बाहर खड़ी आरएस 200 प्लसर मोटरसाइकिल की सीट के नीचे छिपाकर रखा गया 2.700 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद किया गया। गिरफ्तार कुख्यात अपराधी लालू साव पर हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, रंगदारी जैसे जघन्य अपराध के कई मामले दर्ज हैं। वह आरोपपत्रित है और उसके खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा सदर चतरा थाने में भी कई मामलों में वांछित था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। लालू साव पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के मामले शामिल हैं।

## मतदान के लिए जागरूक कर रही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चतरा इकाई के कार्यकर्ता सुदूरवर्ती गाँवों और कोचिंग संस्थानों में जाकर लोगों को लोकतंत्र के महापर्व के प्रति जागरूक कर रहे हैं और पंचायत की जनता से अधिक से अधिक मतदान करने का निवेदन कर रहे हैं। अभाविप के संयोजक मुन्ना यादव के नेतृत्व में यह अभियान पंचायत के सभी वार्डों में चलाया जा रहा है। एसएफएस संयोजक विशाल प्रजापति के अनुसार, विद्यार्थी परिषद का एकमात्र लक्ष्य है कि हर मतदाता मतदान करे और इस मतदान के माध्यम से देश के मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार से परिचित हों। हम दुनिया के सबसे बड़े और मजबूत लोकतंत्र हैं और हमें इस लोकतंत्र की मजबूती को और शक्ति प्रदान करने के साथ-साथ अपने मताधिकार का सही उपयोग करना चाहिए। 20 मई को चतरा लोकसभा में चुनाव है और सभी कार्यकताओं का लक्ष्य है कि चुनाव आने तक हर घर इस अभियान को लेकर जाए। विद्यार्थी परिषद हमेशा से युवाओं के अधिकारों के लिए लड़ती आई है और यही वजह है कि 18 वर्ष को छू चुके युवाओं को विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## बिना सूचना के कोडरमा गौशाला समिति मैदान में मवेशी छोड़े जाने की समिति ने की निंदा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** श्री कोडरमा गौशाला समिति के सचिव ओम प्रकाश खेतान ने तिलैया थाना द्वारा बिना सूचना के 8 मई की रात्रि भैंस व गाय के 41 बच्चे गौशाल के बाहर मैदान छोड़ कर चले जाने की निंदा की है। इस संबंध में उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि नियम तहत अध्यक्ष सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोडरमा का आदेश पत्र, डॉक्टर का मेडिकल अनिवार्य है। उन्होंने आगे कहा कि स्थिति यह है कि अगर जब्त किये गये मवेशी में किसी प्रकार की छूआछूत, खुरहा आदि बीमारी हो तो इसका व्यापक असर पड़ सकता है। विज्ञिप्त में कहा गया है कि श्री कोडरमा गौशाला प्रांगण में 250 से 300 मवेशी रखने की व्यवस्था है, जबकि पूर्व से ही 400 मवेशी रखे जा रहे हैं। ऐसे में 41 और मवेशी आ जाने से रखने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला व पुलिस प्रशासन से अपील की है कि इस तरह का कार्य भविषय में न हो, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देने की मांग की गई, ताकि कोडरमा गौशाला सुचारू रूप से चालया जा सके। वहीं इस संबंध में कोडरमा पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामले को लेकर जांच की जाएगी।

## स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं व मतदान अवश्य करें: ऋतुराज

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त स्वीप कोषांग के तहत जिला स्तरीय पैदल मार्च का आयोजन किया गया। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज के नेतृत्व में पैदल मार्च झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत महाराणा प्रताप चैक से लेकर झंडा चैक से होते हुए कोडरमा स्टेशन तक निकाला गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि मतदाता जागरूकता हेतु पैदल मार्च का आयोजन किया गया, ताकि नैतिक मतदान करने हेतु स्वयं एवं लोगों को जागरूक किया जा सके और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। आगामी 20 मई 2024 को अपने घरों से निकलें एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं और मतदान अवश्य करें। आप स्वयं और अपने आस पास, पड़ोस और परिवार जनों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की 20 मई 2024 मतदान दिवस के दिन मताधिकार का प्रयोग कर अवश्य मतदान करें।

**नैतिक मतदान की शपथ दिलाया गया**

उप विकास आयुक्त ऋतुराज के द्वारा नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया। हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, की शपथ दिलाया गया। मौके पर प्रशिक्षक रवि कान्त कुमार रवि, सुदीप सहाय, मनोज चैरसिया, नरेश प्रसाद यादव, उदय सिंह, संजय सुमन, दिलीप वर्णवाल, विवेक रंजन, राजेश्वर पाण्डेय, माधव कुमार, उमेश सिन्हा, रामचन्द्र ठाकुर, सत्यजीत हिमवान सभी रिसोर्स शिक्षक, प्रेम नारायण मेहता समेत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, प्रशासक नगर परिषद झुमरी तिलैया हर्षवर्धन, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता, अंचलाधिकारी गिरेंद्र टुटी, डीपीएम जेएसएलपीएस जेवियर एक्का, इडीओबी मैनेजर राजीव कुमार सिंह, एपीआरओ अविनाश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### सदर अस्पताल से मोटरसाइकिल चोरी

**कोडरमा।** सदर अस्पताल से मंगलवार को एक मोटरसाइकिल की चोरी हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ढेबुआडीह निवासी बहादुर सिंह पिता स्व० जागेश्वर सिंह अपने हिरो ग्लैमर मोटरसाइकिल संख्या जेएच12के/4614 से सदर अस्पताल इलाज के लिए आया था। जहां दोपहर सदर अस्पताल कैंपस में इमरजेंसी गेट के समीप मोटरसाइकिल खड़ा कर इलाज हेतु अस्पताल के अन्दर चला गया और शाम लगभग 4 बजे वापस लौटा तो देखा की मोटरसाइकिल गायब है। काफी खोजबीन करने के बाद पता नहीं चला। जिसके बाद कोडरमा पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही कोडरमा थाना पुलिस खोजबीन में जुट गई है।

## एक नजर में

### निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**सतगावां (कोडरमा)।** बीडियो सौरभ कुमार के निर्देश के आलोक में जे.एस.एल.पी.एस. तथा झारखंड सेंट्रल पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली रामडीह स्थित क्लस्टर कार्यालय से बासोडीह बाजार तक निकाली गई। इस दौरान सखी मंडल दीदी व स्कूल के बच्चे-बच्चियों ने छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है आदि नारों के साथ मतदाताओं को जागरूक किया। रैली कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुधीर कुमार, प्राचार्य अभय कुमार, मो. इकबाल, धर्मेंद्र कुमार, अनंत पांडेय, श्रीकांत कुमार, सलेहा खातून, सुलेन्द्र बेदिया ब्यूटी श्रीवास्तव, उज्वल कुमार, वरुण कुमार, उत्तम कुमार, संगीता कुमारी, गुड़िया कुमारी, सोनी कुमारी चन्द्रकला, माधुरी के अन्य सखी मंडल दीदी व स्कूल के बच्चे व बच्चियां शामिल थे।

### मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान



**कोडरमा।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे सरकारी कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा मुहैया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार चुनाव कार्य में लगे कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जा रहा है। अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा में बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र में चुनाव कार्य में लगे बूथ लेवल अधिकारियों ने पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान किया। मतदान करने के उपरांत उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में लगे रहने के कारण मतदान करने में काफी दिक्कतें होती थी, लेकिन आज हमलोगों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। मतदान के बाद सभी कर्मियों की अंगुलियों पर अमिट स्याही भी लगाई गई। इसके साथ साथ लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रक्रिया में शामिल कर्मचारियों ने भी पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान किया।

### विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के बच्चों का 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में रिजल्ट रहा शत प्रतिशत




**कोडरमा।** चाराडीह स्थित विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त किया। सीबीएससी द्वारा आयोजित बारहवीं बोर्ड परीक्षा में विवेकानन्द कॉन्वेंट स्कूल से कुल 15 बच्चें शामिल हुए थे। जिसमें से प्रियांशु कुमार सिंह ने सर्वाधिक 89 प्रतिशत अंक लाकर विधालय टॉपर बना। वहीं मोहित राज 88 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान व अनुराग कुमार राज ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 15 में से 10 बच्चें ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। इधर दसवीं के परीक्षा में विद्यालय से कूल बत्तीस छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया था। जिसमें से अधिकतर बच्चों ने प्रथम श्रेणी से पास किया। वहीं कन्हैयालाल मेहता ने सर्वाधिक 80 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना एवं रिया कुमारी गुप्ता ने 77 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान व शिवम् कुमार 74 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहा। इस सफलता पर प्राचार्य राधेश्याम ने कहा कि शिद्दत से मेहनत करने वालों को उसका प्रतिफल अवश्य मिलता है। वहीं निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि परीक्षा में अंक कम ज्यादा लाना मायने नही रखता है। मेहनत से की गई पढ़ाई कभी बेकार नही जाता है। वहीं विधालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बीआर इंटरनेशनल स्कूल में 10वीं एवं 12वीं के शत प्रतिशत रहा रिजल्ट



**कोडरमा।** सीबीएसई 10वीं के रिजल्ट में विक्रम कुमार 96 प्रतिशत तो वहीं 12वीं में पुष्कल कुमार 91 प्रतिशत के साथ स्कूल टॉपर बना। वहीं द्वितीय टॉपर 10वीं में सिम्पू कुमार 94 प्रतिशत तथा 12वीं में 89 प्रतिशत के साथ आस्था गुप्ता एवं नंदनी कुमारी रहीं। वहीं विद्यालय स्तर पर 12वीं के टॉप टेन में प्रथम पुष्कल कुमार, द्वितीय आस्था गुप्ता एवं नंदनी कुमारी, तृतीय अक्षत कुमार छाबरा, चतुर्थ कृष्णनशू, 5वें सार्थक जैन, 6ठे स्वेक्षा स्नेह, 7वीं निशि भारती, 8वीं मनीष कुमार, 9वीं अंकित राज, 10वीं सौम्या मोदी रहीं। वहीं 10वीं में टॉप 10 में प्रथम विक्रम कुमार, द्वितीय सिम्पू कुमार, तृतीय अदिति कुमारी, चतुर्थ हिमांशु सिंह, 5वीं आदिति कुमारी, 6ठे सचिन साव, 7वीं आशिफ कमर, 8वीं शिवशंकर एवं हर्ष कुमार, 9वीं कशिस कुमारी, 10वीं अनु कुमार रहा। वहीं विद्यालय के निदेशक ओपी राय एवं प्राचार्या डॉ. राखी शर्मा ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बी.आर इंटरनेशनल स्कूल शिक्षकों के सहयोग एवं अथक प्रयास तथा बच्चों के मेहनत से ही बहुत ही कम समय में पूरे जिले स्तर पर विद्यालय ने अपनी अलग पहचान बनाई है। वहीं बच्चों के सफलता पर विद्यालय के एकैडमिक इंचार्ज एम शर्मा, विद्यालय प्रशासक सुनील कुमार, नवलकिशोर, कमलेश राय, अभिजीत कुमार, विजय प्रकाश, चंदन गुप्ता, शिवम माहेश्वरी समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

# मतदान केंद्रों पर सभी प्रकार की मुकम्मल तैयारी रहे

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में कोषांग की समीक्षा बैठक किया गया। लोकसभा आम निर्वाचन व 05 कोडरमा लोकसभा चुनाव 2024 के निमित गठित किये गये कार्मिक कोषांग, वाहन कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, ईवीएम वीवीपैट कोषांग, सामग्री कोषांग, एमएफ कोषांग के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के कार्यों को जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वाहन करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने क्लस्टर/मतदान केन्द्रवार मूलभूत सुविधाएं, वाहनों की उपलब्धता, मतदान कर्मियों की रहने की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था से जुड़े बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिये और कहा कि चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों पर सभी प्रकार की मुकम्मल तैयारी करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिये। सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। लोकसभा चुनाव 2024 के तहत चुनावी प्रक्रियाओं को स्वच्छ निष्पक्ष व त्रुटिरहित और शांतिपूर्ण एवं निर्भीक होकर संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता और जिम्मेदारी है। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो समेत अन्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने माले प्रत्याशी विनोद सिंह के लिए मांगे वोट

## केंद्र में मंत्री जहां से है, वहां जनता बिजली, पानी, सड़क और रोजगार की बुनियादी सवालों से जूझ रहे : बंधू तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह मांडर के पूर्व विधायक बंधू तिर्की ने मंगलवार को कोडरमा के विभिन्न इलाकों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर इंडिया गठबंधन के भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह के लिए वोट मांगे। डोमचांच प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में ढिबरा मजदूरों के बीच ढिबरा बचाने के लिए भाजपा को हराने की अपील की। ढोढाकोला चैक पर ढिबरा मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि 20-25 साल से जिन्होंने इस क्षेत्र की जनता से वोट लिया, उस क्षेत्र के लोग ढिबरा चुनने-बेचने के वैध अधिकार से भी वंचित है। यह भाजपा के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि कोडरमा में भाजपा से विधायक और सांसद है। केंद्र में मंत्री भी है, इसके बावजूद कोडरमा की जनता बिजली, पानी, सड़क और रोजगार की बुनियादी सवालों से जूझ रहे है। उन्होंने कहा कि ढिबरा मजदूरों ने ढिबरा को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है, लेकिन मजदूरों की लड़ाई को भाजपा की केंद्र सरकार ने लिथियम के नाम पर ढिबरा नीति पर रोक लगाकर नाइंसाफी की है। उन्होंने कहा कि लड़ाई विधानसभा से लेकर सड़क पर उतर कर लड़ी है। उन्होंने कहा कि ढिबरा मजदूरों समेत गरीब-गुरबों और दलित-आदिवासियों की आवाज विनोद सिंह ने उठाई है। ईमानदारी और सादगी के मिसाल विनोद सिंह कोडरमा ही नही झारखण्ड में संघर्ष के प्रतीक के रूप में जाने जाते है। श्री तिर्की ने कहा कि गांव कस्बो में बदलाब का नारा बुलंद हो रही है। उन्होंने कोडरमा के लोगों से अपील किया कि तन मन धन से सहयोग कर विनोद सिंह के चुनाव चिन्ह तीन तारा पर बटन दबाकर जीत सुनिश्चित कराएं। मौके पर राजकिशोर सिंह, संजय यादव, इस्लाम खान, कलीम अंसारी, बिनोद यादव, रवि कुमार, सीता देवी, रामु सिंह, मंसूर अंसारी, मो अख्तर, बिनोद साव, कलीम अंसारी, शमां प्रवीण, विकास सिंह, राजू अंसारी, संतोष सिंह, राजकिशोर सिंह, सोनिया देवी, फुलमतिया देवी, रथिया देवी, बुधनी देवी, कौशल्या देवी, अन्नपूर्णा देवी समेत ढिबरा मजदूर और ग्रामीण मौजूद थे।

